असाइनमेंट:- 9 विषय :- हिंदी कक्षा:- IV शिक्षिका:- श्रीमती पूजा सहगल
नाम:- ________ सेक्शन :- __ रोल नंबर :- ____ दिनांक:- 21/06/2021

संज्ञा के भेद

संज्ञा के तीन भेद होते हैं -

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा -

जिन संज्ञा शब्दों से किसी विशेष व्यक्ति , वस्तु, स्थान,प्राणी के नाम का पता चले उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं ।

जैसे - मदर टेरेसा, दिल्ली ताजमहल, अक्षरधाम, महाभारत गीता, अमेरिका, गंगा,आदि।

2 . जातिवाचक संज्ञा -

जिन संज्ञा शब्दों से किसी जाति या एक ही प्रकार के प्राणियों वस्तुओं तथा स्थानों का पता चले उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे -सैनिक, फल, आदमी, नदी पहाड़, कमरा, भाई, पशु आदि।

3. भाववाचक संज्ञा -

जिन संज्ञा शब्दों से किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान के गुण ,दोष दशा आदि का पता चले, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं ।

जैसे - बचपन ,बुढ़ापा ,मित्रता ऊँचाई,गर्मी,खुशी, ईमानदारी,गरीबी आदि ।

अभ्यास कार्य

नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों को उनके भेद के अनुसार छाँट कर लिखिए:-

रूस, बंदर, प्यास ,गंगा, भगत सिंह, गरीबी, मेज़, ताजमहल, चिड़िया,भूख, हिमालय, घर, गुस्सा, मित्र, स्कूल, बचपन

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा